# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**(नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रमाणित)**

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**


**गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र)**

**Website :** www.hindivishwa.org


# विद्या-परिषद् की

# 46वीं (आकस्मिक) बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | : | 26 नवंबर, 2025 (बुधवार) |
| समय | : | अपराह्न 04.00 बजे |
| स्थान | : | महादेवी वर्मा सभागार<br>विश्वविद्यालय परिसर, वर्धा |



ज्ञान शान्ति मैत्री

# महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय

## -: कार्यवृत्त :-

## विद्या–परिषद् की 46वीं (आकस्मिक) बैठक

विद्या–परिषद् की 46वीं (आकस्मिक) बैठक कुलपति की अध्यक्षता में दिनांक 26.11.2025 (बुधवार) को अपराह्न 04:00 बजे महादेवी वर्मा सभागार, तुलसी भवन, वर्धा में आयोजित हुई।

बैठक में सदस्यों की निम्नानुसार उपस्थिति रही :

| अ.क्र. | नाम और पद |
|---|---|
| 01 | प्रो. कुमुद शर्मा<br>कुलपति एवं अध्यक्ष |
| 02 | प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल<br>अधिष्ठाता, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ<br>अध्यक्ष, अनुवाद अध्ययन विभाग<br>अध्यक्ष, श्री चमनलाल प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग<br>अध्यक्ष, तुलनात्मक साहित्य विभाग<br>निदेशक, पराविद्या उच्च शोध एवं ज्ञान सर्जन केंद्र<br>निदेशक, वर्धा समाजकार्य संस्थान |
| 03 | प्रो. प्रीति सागर<br>अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ<br>अध्यक्ष, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा अध्ययन विभाग<br>अध्यक्ष, भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग |
| 04 | प्रो. फरहद मलिक<br>अधिष्ठाता, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ<br>अध्यक्ष, मानवविज्ञान विभाग, अध्यक्ष, जनसंचार विभाग<br>अध्यक्ष, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान विभाग |
| 05 | प्रो. अवधेश कुमार<br>अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ, अधिष्ठाता, संस्कृति विद्यापीठ एवम् अधिष्ठाता, छात्र कल्याण<br>अध्यक्ष, हिंदी साहित्य विभाग<br>अध्यक्ष, मराठी साहित्य विभाग, अध्यक्ष, संस्कृत साहित्य विभाग<br>निदेशक, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सिदो-कान्हू-मुर्मु-दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र<br>निदेशक, डॉ. भदन्त आनन्द कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र |
| 06 | प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, अधिष्ठाता, विधि विद्यापीठ एवम् अध्यक्ष, विधि विभाग |



क़ादर नवाज़
27/11/25

| | |
|---|---|
| 07 | डॉ. ओमप्रकाश भारती, अध्यक्ष, प्रदर्शनकारी कला विभाग |
| 08 | डॉ. रविंद्र टी. बोरकर, अध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग |
| 09 | डॉ. एच.ए. हुनगुंद, अध्यक्ष, भाषाविज्ञान विभाग |
| 10 | डॉ. विपिन कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष, दर्शन एवं संस्कृति विभाग |
| 11 | प्रो. कृपाशंकर चौबे, प्रोफेसर |
| 12 | प्रो. अखिलेश कुमार दुबे, प्रोफेसर एवं अकादमिक निदेशक, क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज **(ऑनलाइन)** |
| 13 | प्रो. आनन्द पाटील, प्रोफेसर |
| 14 | डॉ. अमित राय, एसोशिएट प्रोफेसर **(ऑनलाइन)** |
| 15 | डॉ. अमरेन्द्र कुमार शर्मा, एसोशिएट प्रोफेसर |
| 16 | डॉ. जयन्त उपाध्याय, एसोशिएट प्रोफेसर |
| 17 | डॉ. प्रियंका मिश्र, एसोशिएट प्रोफेसर |
| 18 | डॉ. निशीथ राय, सहायक प्रोफेसर |
| 19 | डॉ. रूपेश कुमार सिंह, सहायक प्रोफेसर |
| 20 | डॉ. रेणु सिंह, सहायक प्रोफेसर |
| 21 | डॉ. राजीव रंजन राय, सहायक प्रोफेसर |
| 22 | डॉ. मैत्रेयी घोष, पुस्तकालयाध्यक्ष |
| 23 | प्रो. खेमसिंह डहेरिया, पूर्व कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल **(ऑनलाइन)** |
| 24 | प्रो. शकुन्तला मिश्रा, विश्व भारती, शान्तिनिकेतन (पश्चिम बंगाल) **(ऑनलाइन)** |
| 25 | प्रो. नरेन्द्र मिश्र, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली **(ऑनलाइन)** |
| 26 | सुश्री वेदिका मिश्रा, विद्यार्थी प्रतिनिधि |
| 27 | श्री. क़ादर नवाज़ ख़ान, कुलसचिव (कार्यवाहक) एवं पदेन सचिव |
| 28 | डॉ. सुरेन्द्र पी गादेवार, परीक्षा नियंत्रक - विशेष आमंत्रित |

विश्वविद्यालय के कुलगीत से बैठक का प्रारम्भ हुआ।

## विद्या–परिषद् में नये सदस्यों का नामांकन एवम् स्वागत

विश्वविद्यालय के परिनियम 14 (1) (j) के प्रावधान के अंतर्गत निम्नलिखित चार बाह्य-विशेषज्ञों को दो वर्ष की अवधि के लिए विद्या-परिषद् का सदस्य सहयोजित किया गया है :

1. प्रो. खेमसिंह डहेरिया, पूर्व कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्य प्रदेश),
2. प्रो. शकुन्तला मिश्रा, विश्व भारती, शान्तिनिकेतन (पश्चिम बंगाल)
3. प्रो. रसाल सिंह, रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
4. प्रो. नरेन्द्र मिश्र, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली

अध्यक्ष द्वारा विद्या-परिषद को अवगत कराया कि सहयोजित सदस्यों में से प्रो. रसाल सिंह, रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा ई-मेल दिनांक 25.11.2025 के माध्यम से अपनी अकादमिक और पारिवारिक व्यस्तताओं के कारण विद्या-परिषद सदस्य के दायित्व से मुक्त करने का अनुरोध किया है। अध्यक्ष ने प्रो. रसाल सिंह के अनुरोध को स्वीकृत करते हुए शेष सहयोजित सदस्यों का स्वागत किया एवम् निवर्तमान सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

क़ादर नवाज़
27/11/25

**मद संख्या–01: शैक्षणिक संकायों की नियुक्ति हेतु प्रस्तावित चयन समितियों के लिए बाह्य विशेषज्ञों का नामांकन।**

विश्वविद्यालय में कुल 128 शैक्षणिक पद स्वीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में 23 पद (प्रोफेसर - 09, एसोशिएट प्रोफेसर – 06 तथा सहायक प्रोफेसर- 08) रिक्त पदों को विज्ञापित किया गया है। इन पदों में डॉ. शिरीष पाल सिंह, एसोशिएट प्रोफेसर तथा डॉ. भरत कुमार पंडा, सहायक प्रोफेसर के अन्य संस्थाओं में धारणाधिकार पर होने के कारण एसोशिएट प्रोफेसर तथा सहायक प्रोफेसर का एक-एक पद सशर्त विज्ञापित है।

विश्वविद्यालय के परिनियम–19(1) के प्रावधानों के अनुसार, प्रोफेसर, एसोशिएट प्रोफेसर एवम् सहायक प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति हेतु चयन समितियाँ गठित की जाती हैं, जो कार्य–परिषद् को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करती हैं। परिनियम–19(2) के अनुसार, इन चयन समितियों में प्रोफेसर (03), एसोशिएट प्रोफेसर तथा सहायक प्रोफेसर (02) बाह्य विषय-विशेषज्ञ सदस्य नामित किये जाते हैं, जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों और जिनका चयन कार्य–परिषद् द्वारा, विद्या–परिषद् की अनुशंसा से प्रस्तुत पैनल में से उस विषय में उनके विशेष ज्ञान अथवा अभिरुचि के आधार पर किया जाता है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2018 में चयन समिति की संरचना में बिंदु 5.1, I, II and III (a) (iii) का उद्धरण इस प्रकार है:

**iii. Three experts in the subject concerned nominated by the Vice Chancellor out of the panel of names approved by the relevant statutory body of the university concerned.**

**iii. संबंधित विश्वविद्यालय के संगत सांविधिक निकाय द्वारा अनुमोदित नामों के पैनल में से कुलपति द्वारा संबंधित विषय / क्षेत्र में तीन विशेषज्ञ का नामनिर्देशन किया जाएगा।**

उक्त के आलोक में, प्रत्येक विद्यापीठ के अधिष्ठाताओं, वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक से सम्बन्धित विषयों के विशेषज्ञों के नामों की सूची आमन्त्रित की गयी है, विभागों से प्राप्त विवरण के आधार पर तैयार की सूची में से बाह्य विशेषज्ञों का चयन करने हेतु विद्या-परिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय : 1. टंकण त्रुटिवश कार्यसूची में 'विश्वविद्यालय में कुल 128 शैक्षणिक पद स्वीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में 20 पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों में प्रोफेसर श्रेणी के 09, एसोशिएट प्रोफेसर के 05 तथा सहायक प्रोफेसर के 06 पद सम्मिलित हैं।' टंकित हुआ, जिसे पदेन सचिव द्वारा बैठक में 'विश्वविद्यालय में कुल 128 शैक्षणिक पद स्वीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में 23 पद (प्रोफेसर - 09, एसोशिएट प्रोफेसर – 06 तथा सहायक प्रोफेसर- 08) रिक्त पदों को विज्ञापित किया गया है। इन पदों में डॉ. शिरीष पाल सिंह, एसोशिएट प्रोफेसर तथा डॉ. भरत कुमार पंडा, सहायक प्रोफेसर के अन्य संस्थाओं में धारणाधिकार पर होने के कारण एसोशिएट प्रोफेसर तथा सहायक प्रोफेसर का एक-एक पद सशर्त विज्ञापित है' पढ़ा।**

**2. विद्या-परिषद् ने शिक्षकों की सीधी भर्ती एवं कैरियर प्रोन्नयन योजनान्तर्गत चयन समितियों एवं छानबीन-सह-मूल्यांकन समितियों में अधिष्ठाताओं और निदेशक, वर्धा समाज कार्य संस्थान से प्राप्त बाह्य संबंधित विषय-विशेषज्ञों की सूची में से, अथवा कुलपति द्वारा इन सूची के अतिरिक्त बाह्य संबंधित विषय-विशेषज्ञों को नामित करने के लिए कुलपति को अधिकृत किया।**

क़ादर नवाज़
27/11/25

**साथ ही, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम,** 2018 **के प्रावधान के अनुसार सीधी भर्ती प्रक्रियान्तर्गत चयन समितियों में संबंधित विषय/ क्षेत्र में तीन (03) बाह्य विशेषज्ञों (Three experts in the subject concerned) को तथा कैरियर प्रोन्नयन योजनान्तर्गत छानबीन-सह-मूल्यांकन समितियों में संबंधित विषय/ क्षेत्र में एक (01) बाह्य विशेषज्ञ को नामित करने का निर्णय लिया।**

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

क़ादर नवाज़ 27/11/25

**(क़ादर नवाज़ ख़ान)**
कुलसचिव (कार्यवाहक) एवम्
पदेन सचिव : विद्या–परिषद्
म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा